# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9313 / 2026 — दिनांकः 21 जनवरी, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–राष्ट्रीय मतदाता दिवस (दिनांकः 25 जनवरी, 2026) के अवसर पर मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशक(उच्च शिक्षा)उ0प्र0, शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्र संख्याः डिग्री विकास / 2768 / 2025–26, दिनांकः 19 जनवरी, 2026 के साथ संलग्न क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ के पत्र संख्याः क्षे0का0ल0 / 5752–53 / 2025–26, दिनांकः 16 जनवरी, 2026(छायाप्रतियाँ संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से दिनांकः 16 जनवरी, 2026 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस(दिनांकः 25 जनवरी, 2026) के अवसर पर दिनांकः 23 जनवरी, 2026 / 24 जनवरी, 2026 / 25 जनवरी, 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत समस्त कर्मियों तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से मतदाता शपथ (संलग्न) लिये जाने एवं शपथ लेते हुए उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

**तत्क्रम माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन करते हुए कार्यक्रम की गुणवत्ता पूर्ण फोटोग्राफ्स विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे तद्नुसार सूचनाएँ संकलित करते हुए अग्रेतर प्रेषित की जा सकें।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. डॉ0 छबिलाल, सहा0आचार्य, राजनीतिविज्ञान विभाग, वि0वि0 परिसर को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय परिसर में उक्त कार्यक्रम के आयोजन से सम्बन्धित यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

**ई–मेल**

प्रेषक,

निदेशक (उच्च शिक्षा)उ0प्र0,
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2–कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3–समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः–डिग्री विकास/2768 /2025–26 दिनांक : 19/01/2026

विषयः– राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक : 25.01.2026 को की जाने वाली गतिविधियों एवं कार्ययोजना पर चर्चा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ के पत्रांक : क्षे0का0ल0/5752–53/2025–26 दिनांक : 16/01/2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक : 16.01.2026 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक : 23.01.2026/24.01.2026/25.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा के समस्त कार्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं के कार्यरत समस्त कार्मिकों तथा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से मतदाता शपथ लिए जाने एवं शपथ लेते हुए उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 की ई–मेल आई0डी0 ceoupsection6@gmail.com पर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती है कि दिनांक : 16.01.2026 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक : 23.01.2026/24.01.2026/25.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा के समस्त कार्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं के कार्यरत समस्त कार्मिकों तथा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से मतदाता शपथ लिए जाने एवं शपथ लेते हुए उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 की ई–मेल आई0डी0 ceoupsection6@gmail.com पर प्रेषित करते हुए उसकी एक प्रति इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0–dhedegreevikas@gmail.com पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **प्रदेश के राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को यह निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण में कृत कार्यवाही की सूचना संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ही उपलब्ध कराये, जिससे संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी संकलित सूचना ससमय इस कार्यालय को उपलब्ध करा सकें।**

संलग्नक–उक्तवत् (शपथ पत्र प्रारूप सहित)।

भवदीय,

19/1/26
डॉ0(शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उ0प्र0 प्रयागराज।

पृष्ठांकन–डिग्री विकास/2768–72 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, अशोक मार्ग, इन्दिरा भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्तानुसार निजी विश्वविद्यालयों से कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही की सूचना कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 की ई–मेल आई0डी0 ceoupsection6@gmail.com पर प्रेषित करते हुए उसकी एक प्रति इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0–dhedegreevikas@gmail.com पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
4. तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निदेशालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु।

19/1/26
डॉ0(शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उ0प्र0 प्रयागराज।

प्रेषक,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
सेक्टर-एम, आशियाना
लखनऊ ।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
डिग्री विकास अनुभाग,
उ0प्र0, प्रयागराज ।

**पत्रांक:** क्षे0का0ल0/5752-53/2025-26 **दिनांक:** 16/01/2026

**विषय:** राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25/01/2026 को की जाने वाली गतिविधियाँ एवं कार्ययोजना पर चर्चा के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दिनांक **16/01/2026** को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर **दिनांक 23-01-2026/ 24-01-2026/25-01-2026** को **पूर्वाह्न 11:00 बजे** प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा के समस्त कार्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत समस्त कार्मिकों तथा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से मतदाता शपथ **(संलग्न)** लिए जाने एवं शपथ लेते हुए उच्च गुणवता के फोटोग्राफ्स कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की ई-मेल आई0डी0 **ceoupsection6@gmail.com** पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए हैं ।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रदेश स्थित समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं एवं कार्यालयों मतदाता शपथ सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किये जाने एवं फोटोग्राफ्स निदेशालय को प्रेषित किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें ।

भवदीय

**संलग्नक:** उक्तवत ।

प्रो0(अश्विनी कुमार मिश्र)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
लखनऊ

पृ0 सं0: क्षे0का0ल0 / 5752-53/2025-26, तद्दिनांक ।

**प्रतिलिपि**: मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रो0(अश्विनी कुमार मिश्र)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी

**16th National Voters' Day**

**25 January 2026**

**Pledge**

**Voter's Pledge**

"We, the citizens of India, having abiding faith in democracy, hereby pledge to uphold the democratic traditions of our country and the dignity of free, fair and peaceful elections, and to vote in every election fearlessly and without being influenced by considerations of religion, race, caste, community, language or any inducement".

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।"